नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ

वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह, 2024

(18 अप्रैल, 2024)

वार्षिक आख्या

वार्षिक आख्या किसी भी शैक्षणिक संस्थान का वह सर्वोत्कृष्ट प्रमाणिक दस्तावेज होता है जिसके माध्यम से उस संस्थान का अकादमिक उन्नयन, सुगम पारदर्शी शैक्षणिक परिदृश्य, सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास क्रियाकलाप और आंतरिक गुणवत्ता के कार्यक्रमों का सुनिश्चित मूल्यांकन किया जा सकता है। आज वार्षिकोत्सव 2024 की अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। वर्ष 2023-24 में महाविद्यालय ने प्रत्येक क्षेत्र में अपने सीमित संसाधनों के माध्यम से राज्य की लोक कल्याणकारी नीति के अन्तर्गत विद्यार्थी केन्द्रित सर्वोत्कृष्ट शैक्षिक परिवेश स्थापित किया है। चाहे वह अवस्थापना संरचना का विकास, शोधपरक नीति का विस्तार और छात्राओं का सांस्कृतिक उन्नयन हो या परीक्षायों का शुचितापूर्ण संचालन हो महाविद्यालय ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई द्वारा निर्दिष्ट पथ का सदैव अनुगमन किया है और न केवल लखनऊ शहर बल्कि उत्तर प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है।

महोदय,

वर्तमान में महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय में 11 विषयों, विज्ञान संकाय में 05 विषयों, वाणिज्य संकाय सहित स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में 06 विषयों और विज्ञान संकाय में 01 विषय में कुल 3000 छात्राएं अध्यनरत हैं। हर्ष का विषय है कि इस वर्ष से प्रोफेशनल कोर्स बी0बी0ए0 रिटेल्स का संचालन महाविद्यालय कैम्पस से प्रारम्भ हुआ जिसके प्रथम सेमेस्टर में छात्राएं उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण हुई हैं। इसी वर्ष महाविद्यालय में संचालित जन्तु विज्ञान के स्नातकोत्तर कोर्स को लखनऊ विश्वविद्यालय से स्थायी मान्यता और अंग्रेजी पी0जी0 कोर्स को अस्थाई संबद्धता प्राप्त हो गई है। महाविद्यालय में एनसीसी, एनएसएस और रेंजर्स प्रशिक्षण के माध्यम से राष्ट्र प्रेम, सामाजिक चेतना और सामुदायिक भाव का विकास प्रत्येक वर्ष अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है। एनसीसी कैडेट्स और रेंजर्स कैडेट्स ने जिले और राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगितायों में अपनी प्रतिभा का लोहा इस वर्ष भी साबित किया है जो सदैव प्रेरणादायक होता है।

महाविद्यालय में यूपीटेक, महिन्द्रा, क्राफ्टिंग इमेज आदि से एमओयू के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्राएं आत्मनिर्भर होकर स्वरोजगार के क्षेत्र में भी कार्य करने के अभिप्रेरित हो रही हैं।

महाविद्यालय में केन्द्र सरकार की PM-USHA योजना के तहत प्राप्त होने वाले अनुदान से विभिन्न अवस्थापन सुविधाओं का विकास किए जाने की योजना है। उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त अनुदान से महाविद्यालय के बहुउद्देशी हॉल का रेनोवेशन कराया गया है जो संभवतः अपने सम्पूर्ण कलेवर में पूरे प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में विशेष स्थान रखेगा।

प्रोफेसर अनुराधा तिवारी
प्राचार्य
ने.सु.च.बो. राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अलीगंज, लखनऊ

महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों के निर्देशन में 30 से अधिक शोधार्थी शोधरत हैं। महाविद्यालय के 10 प्राध्यापकों को उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत विभिन्न विषयों में रिसर्च प्रोजेक्ट के संचालन के लिए अनुदान प्राप्त हुआ है।

आप सभी को अवगत कराना है कि वर्ष 2023-24 में केंद्रीय नैक संस्थान बेंगलुरु से गुणवत्ता मूल्यांकन और प्रत्यायन की प्रक्रिया के तृतीय चरण के अंतर्गत हमने एस0एस0आर0 रिकॉर्ड समय में पूरित कर अग्रेतर मूल्यांकन के लिए उत्कृष्ट अंकों के साथ प्री-क्वालीफाई कर लिया है और आगामी माह जुलाई में पियर टीम विजिट के द्वारा मूल्यांकन के A++ ग्रेड प्राप्त होने की पूर्ण विश्वास है।

महाविद्यालय ने इस वर्ष आई0सी0एस0एस0आर0, नई दिल्ली से प्रायोजित त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "भारतीय ज्ञान परम्परा का पुनरावलोकन: गौरवशाली अतीत से समकालीन संदर्भों तक" विषय पर दिनांक 16, 17 और 18 मार्च, 2024 को आयोजित किया जिसमें देश-विदेश से 300 से अधिक मूर्धन्य विद्वान, शोधार्थी, विषय-विशेषज्ञ और नीति-निर्देशकों ने प्रतिभाग किया और इस व्यापक विषय पर अपने सकारात्मक और सार्थक विचार रखे। उक्त सम्मेलन में डा0 दिनेश शर्मा, पूर्व उपमुख्यमंत्री और माननीय राज्यसभा सांसद और डा0 सुधांशु त्रिवेदी, माननीय राज्यसभा सांसद की गरिमामयी उपस्थिति ने उक्त विषय को और अधिक प्रासंगिक बना दिया।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि सम्पूर्ण वर्ष पर्यन्त महाविद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, कौशल विकास और प्रतिभा उन्नयन के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

1. गृह विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 13 अप्रैल, 2024 को शोध छात्राओं और परास्नातक छात्राओं के लिए रिसर्च मेथाडोलॉजी पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 70 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

2. दिनांक 10 अप्रैल, 2024 को मतदाता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटकों के माध्यमों से आम जन तक मतदान की महती जिम्मेदारी के भाव को एनएसएस, एनसीसी और रेंजर्स कैडेट्स के द्वारा सड़कों पर जगाया गया।

3. दिनांक 6 और 7 अप्रैल 2024 को 26वें द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह महाविद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि श्री रणवीर सिंह, पूर्व कप्तान, भारतीय वॉलीबॉल टीम और अर्जुन अवार्ड विजेता, प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी के कर-कमलों से और क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर सविता सिंह के कुशल नेतृत्व में हुआ जिसमें क्रीड़ा के दौरान लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़, खो-खो, जैवलिन थ्रो, डिसकस थ्रो और गोला फेंक आदि प्रतियोगिताओं 300 प्रतिभागियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुऐ उमा सिंह चैम्पियन और अधीरा स्पोर्ट्स राइजिंग स्टार 2024 रही।

4. दिनांक 14 मार्च, 2024 को महाविद्यालय में 1655 छात्राओं को उत्तर प्रदेश शासन की digi Shakti scheme और स्वामी विवेकानंद स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के तहत स्मार्टफोन के वितरण किया गया ।

प्रोफेसर अनुराधा तिवारी
प्राचार्य
ने.सु.च.बो. राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अलीगंज, लखनऊ

5. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के उपलक्ष्य में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा दिनांक 1 मार्च से 8 मार्च के मध्य सप्त दिवसीय आयोजित व्याख्यान श्रृंखला के माध्यम से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और कानूनी ज्ञान का समावेश किया गया।

6. दिनांक 4, 5 और 6 मार्च , मध्य लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित रेंजर्स समागम में महाविद्यालय की छात्राओं ने रेंजर्स प्रभारी डा0 मीनाक्षी शुक्ला के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की रेंजर्स टीम चैंपियन बनी। साथ ही रेंजर्स गणवेश प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, रेंजर्स मार्च पास्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, रेंजर्स क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनम,संजुलिका, रेंजर्स पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा देवी, रेंजर्स झांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, रेंजर्स प्राथमिक चिकित्सा में द्वितीय स्थान, रेंजर्स पुल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, रेंजर्स फायर फाइटर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, रेंजर्स ऑब्जरवेशन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान (नव्या, रोशनी शर्मा ), रेंजर्स स्किल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, रेंजर्स रोल प्ले प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान-उपासना दीक्षित, टेंट निर्माण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, रेंजर्स निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान- साक्षी शुक्ला, गांठ बंधन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

7. दिनांक 28 व 29 फरवरी 2024 को आई0आई0एम0 संस्था लखनऊ द्वारा आयोजित अन्तर विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने शॉर्ट पुट प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक और डिस्कस थ्रो में गोल्ड प्राप्त किया।

8. दिनांक 20 फरवरी से 26 फरवरी के मध्य आयोजित एनएसएस के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वारा छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक किया गया।

9. दिनांक 28 फरवरी, 2024 को विज्ञान दिवस आयोजन के माध्यम से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टि और भारतीय विज्ञान परम्परा का व्यापक विस्तार किया गया।

10. दिनांक 21 फरवरी 2024 को NIIT संस्था एवं BFSI के सहयोग से महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव/रोजगार मेला का आयोजन किया गया। छात्राओं को टीम प्लेयर, प्रोबलम सॉल्वर, डाटा मैनेजमेंट, गोल फोकस्ड, इफेक्टिव कम्युनिकेटर, एक्टिव लिस्नर, रिलेशनशिप बिल्डर इत्यादि गुण होना आवश्यक है। एक्सिस बैंक द्वारा चलाए जा रहे यंग बैंकर्स प्रोग्राम में चयनित होने के बाद एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के माध्यम से आईएफबीआई हेतु छात्राओं का प्लेसमेंट किया जाएगा। उपरोक्त अवसर पर प्रथम चरण की प्रक्रिया में 22 छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया जिसमे से प्रथम चरण में 14 छात्राओं का चयन किया गया।

11. दिनांक 20 फ़रवरी 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ में स्टेटहुड डे बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्राओं के मध्य भारतीय सांस्कृतिक विरासत विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें वर्षा वर्मा, शिवांशी सिंह, सान्या मौर्या विजेता रही।

अनुराधा

प्रोफेसर अनुराधा तिवारी
प्राचार्य
ने.सु.च.बो. राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अलीगंज, लखनऊ

12. दिनांक 13 फरवरी 2024 छात्र शिकायत समस्या हेतु समिति के सदस्यों द्वारा एक चौपाल का आयोजन 1:30 बजे किया गया जिसमें छात्राओं ने अपनी समस्याओं को रखा।

13. दिनांक 30 जनवरी, 2024 को शहीद दिवस का आयोजन कर राष्ट्र के उत्थान में अपने प्राण देने वाले सभी शहीदों याद किया गया।

14. दिनांक 30/01/2024 को महाविद्यालय में पुणे इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नस मैनेजमेंट और महाविद्यालय लखनऊ के बीच एक MOU हस्ताक्षर किया गया जिसके अन्तर्गत प्रोफेशनल कोर्सेज प्रारम्भ करने की योजना है।

15.इस वर्ष महाविद्यालय में इनवेटिव पावर सोलुसंस नई दिल्ली के साथ एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। अनुबंध के अनुसार संस्था महाविद्यालय में बीस सोलर लैम्प पोस्ट लगा रही है जिससे महाविद्यालय ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देगा।

16. दिनांक 30 जनवरी, 2024 कॉन्फिडेंस बूस्टर प्रोग्राम केयर योर सेल्फ का संचालन सोसाइटी ऑफ कैरियर टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया।

17. महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस, स्वच्छता पखवाड़ा, नव मतदाता सम्मेलन, सुभाष जयंती, अटल बिहारी वाजपेई जयंती, एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत भाषा संगम के आयोजन के द्वारा छात्राओं में विविध संस्कृतिक भाव का जागरण किया गया।

18. भौतिक विज्ञान विभाग में बीएससी के छात्राओं के इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत नैवियोटिक कंपनी के सहयोग से रोबोटिक्स कार्यशाला का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दिनांक 19 जनवरी 2024 को लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग से प्रोफेसर नीरज मिश्रा, डा. अतुल श्रीवास्तव ,डा.आर बी सिंह एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम के भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश कुमार द्वारा छात्राओं के मॉडलों का निरीक्षण किया गया ।छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडलों में ब्लूटूथ कंट्रोल कार ,कोलिजन अवॉइडिंग कार ,गैस डिटेक्शन सेंसर, ब्लाइंड स्टिक, रिमोट कंट्रोल कार , स्मार्ट डस्टबिन इत्यादि का अवलोकन करते हुए सभी ने भूरी- भूरी प्रशंसा की ।

19. दिनांक 6 और 7 दिसंबर, 2023 को द्विदीवासीय उन्मेष 2023 के माध्यम से काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, गायन, नृत्य, अभिनय आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर छात्राओं में साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षमताओं का विकास किया गया जिसके उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ दूरदर्शन के श्री आत्म प्रकाश मिश्र और समापन के अवसर पर ललित कला अकादमी लखनऊ की डा श्रृद्धा शुक्ला मुख्य अतिथि रहे।

इन सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजनों के साथ महाविद्यालय अपना शुचितापूर्ण नकलविहीन परीक्षा संचालन, प्रवेश के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया के संचालन, आईआईसी के माध्यम से नवाचार के भाव के सृजन, छात्राओं के नेट परीक्षा में सफलता के लिए व्यक्तिगत सहयोग, सिविल परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना केन्द्र, इग्नू केन्द्र और राजश्री टंडन केंद्र के सम्यक संचालन के लिए भी जाना जाता है।

प्रोफेसर अनुराधा तिवारी
प्राचार्य
ने.सु.च.बो. राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय